
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 187 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
नए दौर की शुरुआत



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 19.0° | 79924.77 | 2 बाइडन ने दी दीवाली की बधाई | 7 हार से समझ आया संन्यास लेना सही

# शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर को किया जा रहा मजबूत: सीएम

## सीएम और शिक्षा मंत्री ने चयनित 108 असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 05 विषयों में चयनित 108 असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मंगलवार को हिन्दी, रसायन विज्ञान, भूगोल, जन्तु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि धनतेरस के पावन अवसर पर मिलने वाला यह उपहार निश्चित ही आपके जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाएगा। आपके जीवन में सफलता का यह दिन मेहनत, समर्पण और लगन की वजह से ही आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। 20 मॉडल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है एवं महिला छात्रावास एवं आईटी लैब सहित परीक्षा भवनों आदि का निर्माण भी किया जा रहा है। जहां एक ओर मेधावी छात्रों को प्रतिमाह छात्रवृत्ति और शोध को बढ़ावा देने के लिए प्राध्यापकों को 18 लाख रूपए तक का शोध अनुदान दिया जा रहा है वहीं गौरव योजना के तहत राज्य के उच्च शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को बैंकिंग एवं वित्तीय त्रिस्तरीय प्रशिक्षण तथा 5000 छात्रों के प्लेसमेन्ट का लक्ष्य रखा गया है।

ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त के साथ चिवनिंग उत्तराखण्ड छात्रवृत्ति हेतु हमने समझौता किया है जिसके तहत 5 छात्रों को मास्टर डिग्री के लिए ब्रिटेन भेजा जाएगा। इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड के साथ भी राज्य के उच्च शिक्षण संस्थाओं में कम्प्यूटर आधारित विभिन्न आधुनिक पाठ्यक्रम संचालन के लिए समझौता किया गया। देश के 100 एनआईआरएफ श्रेष्ठ रैंकिंग वाले संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले युवाओं को 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव पंकज पाण्डेय, अपर सचिव डॉ. आशीष श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अंजू अग्रवाल, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत उपस्थित थे।



### अध्यापन एक बड़ी जिम्मेदारी है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अध्यापन कोई सामान्य कार्य नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। विशेषकर उच्च शिक्षा मानवीय संसाधनों को तराशने का एक प्रमुख साधन है क्योंकि उच्च शिक्षा युवा शक्ति को सही दिशा देने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में प्रदेश के करीब 18 हजार 500 युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। आगे भी भर्ती प्रक्रिया निरंतर गतिमान है।

### उच्च शिक्षा में शत प्रतिशत फैकल्टी दी गई: उच्च शिक्षा मंत्री

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा में शत प्रतिशत फैकल्टी दी गई है। जिसमें 82 प्रतिशत नियमित फैकल्टी और शेष गेस्ट फैकल्टी के रूप में कार्य कर रहे हैं। राज्य में पिछले सात वर्षों में 51 कॉलेजों के भवन बनाए गये। 06 कॉलेजों को जल्द अपने भवन मिल जायेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उच्च शिक्षा के उन्नयन के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में राज्य में 05 नये कैम्पस बने हैं। 26 नये डिग्री कॉलेज बने हैं। राज्य के 118 डिग्री कॉलेज में से 70 कॉलेज का नैक है। मार्च 2025 तक शत प्रतिशत डिग्री कॉलेज में नैक हो जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नवाब मलिक को दिया टिकट तो भड़की उद्धव सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। नवाब मलिक को अजित गुट के एनसीपी ने आखिरकार अपना उम्मीदवार बना दिया है। नवाब मलिक की कई महीनों से चल रही कोशिशों को आखिरकार कामयाबी मिल गई। नवाब को टिकट देने के खिलाफ ही एनसीपी और भाजपा में रार छिड़ी थी। भाजपा इसके सख्त खिलाफ थी। नवाब मलिक को एनसीपी का टिकट मिलने के बाद उद्धव गुट ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, दाऊद का साथी अब बीजेपी का सबसे करीबी बन गया है।

### सीकर भीषण हादसे में 12 की मौत, 30 की हालत गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** सीकर। सीकर के लक्ष्मणगढ़ इलाके में एक बस हादसे में 12 लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। राजस्थान के सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में मंगलवार दोपहर भीषण बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ।

# धनतेरस पर उत्तराखंड के सरकारी कर्मचारियों पर बरसा 'धन'

## सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता में वृद्धि और तदर्थ बोनस

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य सरकार ने 14 मार्च, 2024 को एक आदेश जारी किया, जिसके तहत 7वें वेतनमान के सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी, 2024 से 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मंजूरी दी गई। इसके बाद, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के एक आदेश के आधार पर, यह दर 1 जुलाई, 2024 से बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दी गई है। इस भत्ते का फायदा राज्य सरकार के सभी नियमित, पूर्णकालिक, कार्यप्रभारित कर्मचारी और यूजीसी से जुड़े पदाधिकारी भी ले सकेंगे।

2023–24 के लिए राज्य के गैर–राजपत्रित कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों, और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तदर्थ बोनस का लाभ मिलेगा। भारत सरकार के आदेशानुसार, 30 दिनों का बोनस अधिकतम 7000 तक की सीमा में दिया जाएगा।बोनस का लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा जो 31 मार्च, 2024 को सेवा में थे और जिन्होंने कम से कम 6 महीने की सतत सेवा की हो। 6 महीने से 1 साल तक की सेवा वाले कर्मचारियों को उनके सेवा अनुपात के हिसाब से बोनस दिया जाएगा। तदर्थ बोनस की राशि एक वर्ष की औसत प्राप्तियों के आधार पर गणना की जाएगी।

कैजुअल/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, जिन्होंने पिछले 3 वर्षों में हर साल कम से कम 240 दिन (6–दिन वाले कार्यालयों के लिए) कार्य किया हो, भी इस बोनस के पात्र होंगे। ऐसे कर्मचारियों का बोनस 1184 होगा। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही या आपराधिक मामले में दोषी पाए जाने पर कर्मचारी बोनस के पात्र नहीं होंगे।

### अलग श्रेणी के कर्मचारियों पर प्रभाव

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्य, और कुछ अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों पर ये आदेश स्वतः लागू नहीं होंगे। उनके लिए अलग से आदेश जारी होंगे। 1 जुलाई, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक के महंगाई भत्ते के बकाया का भुगतान नकद में किया जाएगा। 1 अक्टूबर, 2024 से भत्ता नियमित वेतन में जोड़ दिया जाएगा।

# उत्तराखंड के लिए हेली एंबुलेंस बड़ा वरदान: पीएम

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर, एम्स ऋषिकेश के जरिए देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर के लिए कुल 12850 करोड़, रुपए लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह सेवा उत्तराखंड के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है, जिसके चलते ही इसका नाम संजीवनी रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के 13 जिलों को इस सेवा का लाभ मिलेगा। आपदा के दौरान घायलों और मरीजों को समय रहते अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की मौजूदगी में हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ हुआ। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की एक दशक में विकास और तरक्की महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में हेली एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत और आधुनिक बन सकेंगी। लोगों के लिए संजीवनी का काम करेगी।

### शुभारंभ

■पीएम मोदी ने किया एम्स हेली एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ

### 108 की तर्ज पर चलेगी हेली एम्बुलेंस सेवा: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा का राज्य को लंबे समय से इंतजार था, अब एम्स ऋषिकेश से देश की पहली सरकारी हेली एम्बुलेंस शुरू हो रही है। यह सेवा 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर चलेगी, जिसके जरिए राज्य के कोने–कोने से मरीजों को एम्स लाया जा सकेगा।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# अपने ही लोगों पर जुल्म, मेरे दिल में कितना दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में 70 साल या इससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को अब 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए यू–विन पोर्टल की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए राजधानी के बुजुर्गों से माफी मांगी। पीएम मोदी ने कहा कि वह उनकी मदद नहीं कर पाएंगे क्योंकि दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया है।

■ दिल्ली की आप सरकार पर पीएम मोदी ने साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ की वजह से दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारों ने योजनाओं को लागू नहीं किया है और इस वजह से वह दोनों राज्यों के बुजुर्गों के कष्ट को जानते हुए भी मदद नहीं कर पा रहे हैं। पीएम ने कहा, श्मैं दिल्ली के 70 साल के जितने बुजुर्ग हैं उनसे क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। मैं उनसे क्षमा मांगता हूं कि मुझे पता तो चलेगा कि आपको कष्ट है। मुझे जानकारी तो मिलेगी लेकिन मैं सहायता नहीं कर पाऊंगा।

# राष्ट्रपति बाइडन ने दी दीवाली की बधाई

समारोह

## व्हाइट हाउस में हुआ दीवाली समारोह का आयोजन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वाशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में दीवाली समारोह की मेजबानी की। इस समारोह में देश भर से कांग्रेसियों, अधिकारियों और कॉर्पोरेट अधिकारियों समेत 600 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों ने भाग लिया। इस दौरान जो बाइडन ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में मुझे व्हाइट हाउस में अब तक के सबसे बड़े दीवाली रिसेप्शन की मेजबानी करने का सम्मान मिला है। मेरे लिए, यह बहुत मायने रखता है। अमेरिकी जीवन में दक्षिण एशियाई अमेरिकी समुदाय के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बाइडन ने कहा कि यह समुदाय दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सबसे अधिक सक्रिय समुदाय है।

व्हाइट हाउस दीवाली समारोह को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, दक्षिण एशियाई अमेरिकी समुदाय ने अमेरिकी जीवन के हर हिस्से को समृद्ध किया है। उन्होंने



कहा, आपका समुदाय दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सबसे अधिक जुड़ा हुआ समुदाय है... अब, व्हाइट हाउस में दीवाली खुले तौर पर और गर्व के साथ मनाई जाती है।

राष्ट्रपति ने इस क्षण के महत्व पर भी बात की, उन्होंने कहा कि देश एक परिवर्तनकारी मोड़ का सामना कर रहा है और उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि वे अमेरिका के विचार को हल्के में न लें। अमेरिकी लोकतंत्र की चुनौतियों पर विचार करते हुए, उन्होंने विविधतापूर्ण समाज में चल रही बहस और असहमति को स्वीकार किया, लेकिन एकता और ऐतिहासिक जागरूकता के महत्व पर जोर दिया।

बाइडन ने व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में कहा कि सीनेटर, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति के रूप में दक्षिण एशियाई अमेरिकी मेरे स्टाफ के प्रमुख सदस्य रहे हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

व्हाइट हाउस दीवाली समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि मेरी पत्नी जिल बाइडन यहां आना चाहती थीं लेकिन वह विस्कॉन्सिन की यात्रा कर रही हैं और कमला हैरिस भी कैंपेन के लिए गई है। आप जानते हैं कि मैंने कई कारणों से कमला को अपने साथी के रूप में चुना है। वह स्मार्ट हैं और उन पर भरोसा किया जा सकता है। उनके पास उस अन्य व्यक्ति की तुलना में अधिक अनुभव है।

व्हाइट हाउस में दीवाली समारोह की शुरुआत 2003 में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के साथ हुई थी और इसमें राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा ओवल ऑफिस में दीया जलाना, साथ ही तत्कालीन उपराष्ट्रपति जो बाइडन ने 2016 में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2017 में अपनी बेटी इवांका और अपने प्रशासन के भारतीय अमेरिकी सदस्यों के साथ दीया जलाकर दीवाली की परंपरा को जारी रखा था।

### न्यूज डायरी



## जवाबी कार्रवाई में होगा सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग: ईरान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) दुबई। ईरान और इजरायल के बीच बीते लंबे समय से युद्ध जारी है। ईरान पर हवाई हमले के बाद अब इजरायल को जवाबी कार्रवाई का डर सता रहा है। इजरायली न्यूज आउटलेट यरुशलम पोस्ट ने देश सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया है कि इजरायल को उम्मीद है कि ईरान मिसाइल उत्पादन सुविधाओं समेत सैन्य ठिकानों पर सफल हमले के बाद यहूदी राज्य के खिलाफ जवाबी हमला करेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने कहा कि तेहरान, ईरान में सैन्य ठिकानों पर सप्ताहांत में इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करेगा। ईरान ने इजराइल के हवाई हमले को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि इससे केवल सीमित क्षति हुई है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने तनाव को बढ़ाने से रोकने का आह्वान किया, जिससे मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष की आशंका बढ़ गई है। बाघेई ने कहा, (ईरान) जायोनी शासन (इजरायल) को एक निश्चित और प्रभावी जवाब देने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करेगा। बाघेई ने बिना विस्तार से बताए कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया की प्रकृति इजरायली हमले की प्रकृति पर निर्भर करती है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि ईरानी अधिकारियों को यह निर्धारित करना चाहिए कि इजरायल के समक्ष ईरान की शक्ति का सर्वोत्तम प्रदर्शन कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि इजरायली हमले को न तो कम करके आंका जाना चाहिए और न ही बढ़ा–चढ़ाकर बताया जाना चाहिए।

## चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट को बहुत बड़ा झटका

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) ब्रासीलिया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट बेल्ट एंड रोड को बड़ा झटका लगा है। ब्राजील ने ऐलान किया है कि वह बीआरआई में शामिल नहीं होगा। इससे पहले चीन ने योजना बनाई थी कि नवंबर में शी जिनपिंग की ब्राजील यात्रा के दौरान बीआरआई को इस लैटिन अमेरिकी देश में व्यापक तरीके से विस्तार करने पर फोकस किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका ने ब्राजील को आगाह किया था कि वह चीन के कर्ज का जाल कहे जाने वाले बीआरआई के खतरे की समीक्षा करे। इस पर चीन आगबबूला हो गया था। ब्राजील के अलावा भारत ने भी बीआरआई से किनारा कर रखा है। वहीं इटली भी इससे निकल गया है। भारत और ब्राजील दोनों ही ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य हैं और आपस में गहरे दोस्त हैं। हाल ही में रूस में ब्रिक्स देशों के नेता इकट्ठा हुए थे और मुलाकात की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ब्राजील ने फैसला किया है कि वह बीआरआई में शामिल होने की बजाय वैकल्पिक तरीके से चीनी निवेशकों के साथ सहयोग करेगी। ब्राजील के राष्ट्रपति के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो अमोरिम ने स्थानीय मीडिया से बातचीत में कहा कि ब्राजील के साथ रिश्तों को नए स्तर पर ले जाया जाए लेकिन हम बीआरआई को आगे बढ़ाने पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे।

## भारत ने रोकी ब्रिक्स में एंट्री तो रूस के आगे फिर गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए एक बार फिर रूस के सामने गुहार लगाई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति कार्यालय ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और रूसी संघ परिषद की अध्यक्ष वेलेंटिना मतविएंको के साथ मुलाकात के बाद जारी बयान में इसकी जानकारी दी है। इसके पहले पाकिस्तान ने रूस के कजान में हुई ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की बैठक में भी समूह का सदस्य बनने की उम्मीद जताई थी, लेकिन भारत के विरोध के बाद पाकिस्तान को एंट्री नहीं मिली। यही नहीं, पाकिस्तान को डायलॉग पार्टनर भी नहीं बनाया गया। अब एक बार फिर पाकिस्तान रूस के सामने गिड़गिड़ाया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति कार्यालय में जारी बयान में कहा गया है कि जरदारी ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए मॉस्को से समर्थन मांगा है। इससे पाकिस्तान को गठबंधन के माध्यम से क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग में अपनी भूमिका बढ़ाने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए व्यापार, वाणिज्य, निवेश, कृषि और ऊर्जा के क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## 2030 तक 1000 पार करेगी परमाणु हथियारों की संख्या

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज बीजिंग। चीन तेजी से अपने परमाणु हथियारों को बढ़ा रहा है और अगले छह साल में इनकी संख्या एक हजार को पार कर जाएगी। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। अमेरिकी एजेंसी की श्परमाणु चुनौतियांरू रणनीतिक प्रतिस्पर्धियों और क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों की बढ़ती क्षमताएं शीर्षक से आई इस रिपोर्ट कहा गया है कि चीन नई परमाणु क्षमताओं की पूरी सीरीज विकसित कर रहा है। इसमें परमाणु मिसाइल साइलो का सबसे बड़ा निर्माण भी शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन अपनी रणनीतिक महत्वाकांक्षाएं और सुरक्षा हित के लिए परमाणु हथियारों का आधुनिकीकरण कर रहा हैं। चीन जिन हथियारों पर काम कर रहा है, उनमें न्यूक्लियर मिसाइलों पर खास ध्यान है। इसमें ग्राउंडमोबाइल, पनडुब्बी प्रक्षेपित हथियाररू परमाणु–सक्षम हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन क्षमताएं शामिल हैं।

रिपोर्ट कहती है कि चीन तेजी से अपने परमाणु हथियार भंडार का विस्तार कर रहा है। ये अगले दशक में यथास्थिति को अस्थिर करने की क्षमता रखता है क्योंकि यह नई प्रणालियों के उपयोग के लिए अवधारणाओं को विकसित करता है। बीजिंग के परमाणु भंडार में फिलहाल 500 से ज्यादा परिचालन परमाणु हथियार हैं।



## सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष से भेजी दीवाली की शुभकामनाएं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से दीवाली की शुभकामनाएं भेजीं। व्हाइटस हाउस में दीवाली का कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान एक वीडियो संदेश के माध्यम से सुनीता विलियम्स ने अमेरिका और दुनिया भर के लोगों को दीपावली की बधाई थी। बता दें कि काफी लंबे समय से सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में फंसी हैं। अपने संदेश में विलियम्स ने कहा, आईएसएस से शुभकामनाएं। मैं व्हाइट हाउस और दुनियाभर में आज दीवाली मना रहे सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहती हूं। इस साल मुझे आईएसएस पर पृथ्वी से 260 मील ऊपर दीवाली मनाने का अनूठा अवसर मिला है। मेरे पिता ने हमें दीवाली और अन्य भारतीय त्योहारों के बारे में हमेशा सिखाया और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखा। दीवाली खुशी का पल है।

# 4 साल बाद चाड में सबसे बड़ा आतंकी हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सैन्य अड्डे पर हमला कर 40 सैनिकों को मारा

डाकार। अफ्रीकी देश चाड में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। यहां आतंकवादियों ने एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया। इस हमले में 40 सैनिकों की मौत की खबर है। चाड मध्य अफ्रीका में पड़ता है। उसके पड़ोस में नाइजर, नाइजीरिया, सूडान और लीबिया जैसे देश हैं। यह पूरा इलाका दशकों से आतंकी हमला का सामना कर रहा है। चाड के राष्ट्रपति कार्यालय ने आतंकी हमले की जानकारी साझा की। राष्ट्रपति महामत इदरीस डेबी ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाने का आदेश दिया है। यह हमला चाड के बरकरम द्वीप पर हुआ है। यह द्वीप नाइजीरिया और नाइजर के सीमा के बेहद करीब है। इन दोनों ही देशों में इस्लामिक स्टेट और बोरो हराम जैसे आतंकी समूह सक्रिय हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में हमले के पीछे बोको हराम को जिम्मेदार ठहराया।

बरकारम द्वीप लेक चाड क्षेत्र में है। यहां इस्लामिक स्टेट इन वेस्ट अफ्रीका और बोको हराम ने कई बार हमला किया है। बोको हराम पूर्वोत्तर नाइजीरिया से चाड के पश्चिम क्षेत्र तक फैला है। हालांकि अभी तक आतंकी समूह ने हमले की कोई जिम्मेदारी नहीं ली है। लगभग चार साल बाद चाड पर हुआ यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। साल 2020 में आतंकियों ने घात लगाकर चाड के सैनिकों पर हमला किया था। इसमें 100 से अधिक जवानों की जान गई थी।

चाड फ्रांसीसी और अमेरिका सेना का अहम सहयोगी है। वह इन देशों के साथ मिलकर साहेल क्षेत्र में जिहादियों से लड़ रहा है। अफ्रीका का साहेल क्षेत्र इन दिनों अल कायदा और इस्लामिक स्टेट के हमलों के बाद वैश्विक आतंकवाद का केंद्र बना है। उधर, माली, नाइजर और बुर्किना फासो ने हाल के वर्षों में अमेरिका और फ्रांस के साथ सैन्य अभियान को समाप्त कर दिया है। इन देशों ने अब रूस से सहायता मांगी है। 22 फरवरी 2022 को बोको हराम ने ईंधन भर रहे चाड के सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था। इसमें पांच की जान गई थी।

## भारत के लिए मॉस्को संग रिश्ते सुलझाना जरूरी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) मॉस्को। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि दोनों देशों के रिश्ते बहुत पुराने हैं और संबंधों को बेहतर करने पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया है कि भारत और रूस वित्तीय बाधाओं के बावजूद द्विपक्षीय भुगतान को अधिक व्यवहार्य बनाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। दोनों देश आने वाले समय में अपनी करेंसी यानी रूबल और रुपए में व्यापार करने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भारत को अमेरिका के दबाव में ना आते हुए रूस के साथ अपने रिश्ते बेहतर करने की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक अलीपोव ने कहा, भारत और रूस रूबल–रुपए डायरेक्ट ट्रेड सिस्टम पर विचार कर रहे हैं। फिलहाल रुपए और रूबल का सीधा लेनदेन नहीं होता है तो इसमें समस्या एक्सचेंज रेट की नहीं है। ये एक अंतहीन सूची हो सकती है।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# पटेल ने अपनी एकता और दूरदर्शिता से अखंड भारत का सपना किया साकार

**रन फॉर यूनिटी**

## मुख्यमंत्री ने ओपन रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री दौड़ में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पवेलियन ग्राउंड देहरादून के ओपन रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करने वाले, राष्ट्र के महानायक, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया, उनका संपूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन हर वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जी की जयंती पर ही होता है। इस वर्ष उनकी जयंती के साथ दीपावली का संयोग होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में यह घोषणा की थी कि



इस बार 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता, और अटूट समर्पण के माध्यम से अखंड भारत का सपना साकार किया। 560 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाया, और हमें एक ऐसा भारत दिया जिसमें विविधता के बावजूद एकता की भावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्तृत एवं एकीकृत भारत के निर्माण में देश के पहले उप–प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का स्वतंत्र भारत के इतिहास में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। अपने अद्वितीय संकल्प शक्ति और दूरदर्शिता से आधुनिक भारत का निर्माण करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी द्वारा देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए किए गए महान योगदान के लिए देश का प्रत्येक नागरिक सदैव उनका ऋणी रहेगा। इस 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को जागृत हो। युनिटी और इंटेग्रीटी की भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। यह एक सामान्य दौड़ नहीं, बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने का एक माध्यम भी है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक खजान दास, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल प्रशांत आर्य, खेल विभाग के अन्य अधिकारी एवं अनेक प्रतिभागी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### एमबीपीजी में छात्रों का धरना जारी, उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**संवाददाता** नैनीताल। छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज में छात्रों ने सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन किया। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला भी जलाया। मौके पर मौजूद फायर पुलिस के जवानों ने अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुतला बुझा दिया। इसके बाद छात्रों ने पुलिस के खिलाफ नारे लगाकर आक्रोश प्रकट किया। उन्होंने शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को छात्र एमबीपीजी महाविद्यालय में एकत्र हुए। उन्होंने यहां सरकार के खिलाफ नारे लगाकर धरना दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के छात्र संघ चुनाव न कराने के निर्णय से लंबे समय से आंदोलन की तैयारी कर रहे छात्र–छात्राओं की उम्मीदों को झटका लगा है। छात्र नेता और उनके समर्थक एमबी कॉलेज के गेट नैनीताल रोड में पहुंचे। उन्होंने यहां उच्च शिक्षा मंत्री और पुलिस के खिलाफ नारे लगाकर पुतला दहन किया।

### अवैध कच्ची और अंग्रेजी शराब संग तीन गिरफ्तार

**संवाददाता** हल्द्वानी। कोतवाली हल्द्वानी और मुखानी पुलिस ने तीन अलग–अलग मामलों में अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुखानी पुलिस ने चेकिंग के दौरान गुजरौड़ा रोड के पास से 84 पाउच कच्ची शराब संग सोनू सिंह निवासी ग्राम हरसान, बाजपुर को दबोचा। वहीं दूसरे मामले में भी मुखानी पुलिस ने 75 पाउच कच्ची शराब के साथ रोशनपुर, थाना गदरपुर निवासी जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने कुल 24 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गोविंदपुरा, सुभाषनगर, हल्द्वानी निवासी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

### एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों को सावधान करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश किया साझा

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की सलाह जारी की है, जिसका उद्देश्य इस तरह की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में, ध ोखेबाज कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करते हुए व्यक्तियों या व्यवसायों को निशाना बनाते हैं। पीड़ितों को कथित कर चोरी, विनियामक उल्लंघन या वित्तीय कदाचार के लिए डिजिटल गिरफ्तारी वारंट की धमकी दी जाती है। ध ोखेबाज डिजिटल अरेस्ट वारंट को वापस लेने के लिए निपटान शुल्क या जुर्माना के रूप में भुगतान मांगते हैं। भुगतान हो जाने के बाद, धोखेबाज अपनी पहचान का कोई निशान छोड़े बिना गायब हो जाते हैं।

## रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री से एकता और अखण्डता का दिया संदेश



**संवाददाता** पिथौरागढ़। जनपद पुलिस व प्रशासन द्वारा मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जंयती के उपलक्ष में स्पोर्टस स्टेडियम के बच्चो के साथ रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री के माध्यम से एकता और अखण्डता का संदेश दिया है। जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी व पुलिस कप्तान रेखा यादव के निर्देशन में आज जनपद पुलिस व जिला प्रशासन ने भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से पहले, राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम पिथौरागढ़ के छात्र व छात्राओं के साथ 'रन फॉर यूनिटी' क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। उक्त दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं और पुलिस कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना था।

इस दौरान एसडीएम जसवीर सिंह, सीओ परवेज अली, यातायात निरीक्षक अय्यूब अली सहित अन्य पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## सुरक्षा को लेकर उपजिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

**संवाददाता** पुरोला। दीपावली में व्यवस्थाओं व सुरक्षा को लेकर उपजिलाधिकारी नवाजीस खलीक ने व्यापारियों,पुलिस व अग्निशमन की बैठक लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा कर सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी खलीक की अध यक्षता में व्यापारिक संगठन,पुलिस तथा फायर की संयुक्त बैठक की गई जिसमें दीपावली पर्व पर आगजनी, बाजार में लगने वाले जाम तथा अन्य प्रकार की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई व सम्बंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देते हुए सतर्क रहने की अपील की वंही पटाखों की बिक्री के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापारियों को बाजार के बाहर अन्यत्र स्थान चिन्हित करने का सुझाव दिया। व्यापारियों ने पुलिस से बाजार में भारी वाहनों की आवाजाही के लिए समय निर्धारित करने व बाजार से बाहर पार्क करवाने के निर्देश दिए।

## अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अंखण्डता और सुरक्षा की दिलायी शपथ

**संवाददाता**

चमोली। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए खेल मैदान गोपेश्वर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन का आयोजन किया जाता है। इस बार दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में रन फार यूनिटी का आयोजन मंगलवार को किया गया।

रन फॉर यूनिटी में जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापक–अध्यापिकाओं शिक्षण–संस्थाओं के छात्र–छात्राओं, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्य–कर्ताओं एवं अन्य विभिन्न संस्थाओं के

**रन फार यूनिटी में 200 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया**

प्रतिभागियों का पंजीकरण कर उन्हें कूपन आबंटित किये गये। रन फार यूनिटी में 200 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुरुष एवं महिला वर्ग में लॉटरी के माध्यम से 10–10 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अंखण्डता और सुरक्षा की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं एकता को संरक्षित एवं सदृढ़ करने और समर्पण की भावना को मजबूत करने के उददेश्य से सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा साल 2014 से शुरुआत की गयी। सरदार पटेल ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और भारत राष्ट्र को संघ बनाने(एक भारत) तथा भारतीय रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री थे। पटेल के राष्ट्र को एकजुट करने के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए राष्ट्र एकता दिवस मनाया जाता है। उनको 1991 में मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया।

## किराएदार सत्यापन प्रक्रिया को सरल करने की मांग उठाई

**संवाददाता** हरिद्वार। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने किराएदार सत्यापन प्रक्रिया को सरल किए जाने की मांग की है। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि किराएदार सत्यापन की जटिल प्रक्रिया से मकान मालिक परेशान हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से किराएदार सत्यापन प्रक्रिया का सरलीकरण किए जाने की मांग की। चौधरी चरण सिंह ने कहा कि देश में प्रत्येक सरकारी योजना, कार्यो और नियुक्ति आदि में आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया है। जो व्यक्ति सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। उन सबका सत्यापन संबंधित विभागों द्वारा पुलिस प्रशासन से कराए जाने के बाद ही नियुक्ति दी जाती है। ऐसे में किराएदारों के सत्यापन के लिए लिए आधार कार्ड को मान्यता दी जाए। यदि संदेह हो तो छानबीन करायी जाए।


# नए दौर की शुरुआत

**न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा कि उपराज्यपाल से टकराव मोल लेकर मैं जम्मू–कश्मीर की जनता का क्या भला कर पाऊंगा।**

अनुज श्रीवास्तव।।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास मानी जा रही है।

पांच साल बाद जम्मू–कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिली है। हालांकि इस बीच अनुच्छेद 370 के तहत हासिल विशेष दर्जा तो समाप्त हो ही गया, राज्य की उसकी हैसियत भी नहीं रही। ऐसे में नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती है। अच्छी बात यह है कि जहां आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा।



उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा कि उपराज्यपाल से टकराव मोल लेकर मैं जम्मू–कश्मीर की जनता का क्या भला कर पाऊंगा।

चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक को देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। इसमें इस सावधानी की झलक देखी जा सकती है कि मुद्दा मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया ब्लॉक के घटक दलों में मतभेद का न बन जाए।

फिसलन भरी राहइन तमाम शुरुआती पॉजिटिव संकेतों के बावजूद अभी से यह नहीं कहा जा सकता कि नई सरकार का यह कार्यकाल कितना फलप्रद साबित होने वाला है। राज्य का दर्जा वापस करने की मांग तो अपनी जगह है ही, एक–एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू–कश्मीर की नई सरकार कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है।

## ज्यादा परेशान



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** वहां जाने के बाद से एक गिरा पड़ा मतों निकले स्तर का काम मिलता है लेकिन फिर भी उसके लिए वह सही था। क्योंकि उसके पास पैसे बहुत कम पर घर की हालत बहुत खराब थी किसी प्रकार की नौकरी नहीं मिल रही थी और उसका नाम से रखो ज्यादा परेशान रहता था। राजू भाई के काम करने लगा काम करते–करते काफी ज्यादा दिन बीत गया था। बीच–बीच में राजू अपने मम्मी को अपने दोस्त के द्वारा उसे मोबाइल पर फोन करके अपनी मम्मी से बात कर लिया करता था। लेकिन जैसे–जैसे समय बीतता गया और हालात शहर में बिगड़ते गए हैं। एक समय ऐसा आया कि उसकी मम्मी को राजू का महीनों तक कोई खबर नहीं मिल पा रहा था जिस कारण से उसकी मम्मी बहुत ज्यादा चिंतित था।

**...शेष कल**

# संपादकीय

## चाइना प्लस वन

भारत के लिहाज से चीन के स्टीमुलस पैकेज का एक और अहम पहलू है। यूक्रेन युद्ध में रूस के समर्थन और इस बीच, हिंद–प्रशांत व ताइवान को लेकर अमेरिका व पश्चिमी देशों के साथ तनातनी बढ़ने की वजह से 'चाइना प्लस वन' की काफी चर्चा हो रही है। इसके तहत मल्टिनैशनल कंपनियां चीन से कुछ मैन्युफैक्चरिंग दूसरे देशों में ले जा रही हैं, जिसका फायदा भारत को भी मिल रहा है। इस सिलसिले में अमेरिकी दिग्गज कंपनी एपल की मिसाल दी जा सकती है, जिसका भारत अब अहम मैन्युफैक्चरिंग ठिकाना बनता जा रहा है। एपल की वजह से यहां उसकी वेंडर फॉक्सकॉन ने बड़े प्लांट लगाए हैं। अगर राहत पैकेज से चीन की इकॉनमी में रिकवरी होती है, तब भी इस ट्रेंड पर शायद ही असर पड़े। उसकी वजह जियो–पॉलिटिक्स है। इसलिए चाइना प्लस वन की पॉलिसी आगे भी जारी रह सकती है और उसका फायदा भारत को मिलता रहेगा।

शी चिनफिंग सरकार ने पिछले हफ्ते देश को सुस्त आर्थिक ग्रोथ से बाहर निकालने के लिए बड़े राहत पैकेज का एलान किया। यह 2008 के ग्लोबल फाइनैंशल क्राइसिस के बाद का सबसे बड़ा पैकेज माना जा रहा है।

# बड़ा राहत पैकेज

मृत्युंजय राय।।

पिछले सप्ताह पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने 75वीं सालगिरह मनाई, लेकिन शी चिनफिंग का मन शायद ही जश्न के मूड में हो। असल में, चीन की अर्थव्यवस्था की हालत अच्छी नहीं है। कभी दहाई अंकों में बढ़ने वाली चाइनीज इकॉनमी अब 5 प्रतिशत की ग्रोथ के लिए संघर्ष करती दिख रही है, जबकि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज बना हुआ है।

चीन की आर्थिक मुश्किलों का असर उसके शेयर बाजार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर भी पड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेशकों ने चीन से बेरुखी दिखाई है, जबकि भारत की अच्छी ग्रोथ और लोकतांत्रिक व्यवस्था का लाभ यहां के स्टॉक मार्केट को मिला है। खैर, शी चिनफिंग सरकार ने पिछले हफ्ते देश को सुस्त आर्थिक ग्रोथ से बाहर निकालने के लिए बड़े राहत पैकेज का एलान किया। यह 2008 के ग्लोबल फाइनैंशल क्राइसिस के बाद का सबसे बड़ा पैकेज माना जा रहा है।

चीन के केंद्रीय बैंक पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने 24 सितंबर को इस पैकेज का एलान किया। उसने ब्याज दरों में कटौती की, बैंकों के लिए जितना रिजर्व रखना जरूरी है, केंद्रीय बैंक ने उसमें भी कमी की। इससे बैंकों के पास कर्ज बांटने के लिए अधिक पैसा होगा। यही नहीं,



उसने होम लोन की लागत में भी कमी लाने के उपाय किए। इससे करीब 5 करोड़ होम लोन लेने वालों को साल में 21 बिलियन डॉलर का फायदा होगा। अगर किसी को लगता होगा कि पड़ोसी देश की कम्युनिस्ट सरकार को स्टॉक मार्केट की फिक्र नहीं होगी तो शी चिनफिंग प्रशासन ने उसे भी गलत साबित कर दिया। पिछले हफ्ते चीन ने स्टॉक मार्केट में तेजी लाने के लिए भी कुछ उपाय किए। जो कंपनियां शेयर बायबैक करेंगी, चीन का केंद्रीय बैंक उसकी खातिर लिए गए कर्ज की रीफाइनेंसिंग करेगा।

इकॉनमी को रफ्तार देने के लिए सरकार चीन की जीडीपी के करीब 1.5 प्रतिशत के बराबर बॉन्ड जारी करेगी। इसमें से आधी रकम का इस्तेमाल प्रांतीय सरकारों को दिवालिया होने से बचाने के लिए किया जाएगा, जबकि बाकी आधे का प्रयोग कंपनियों और लोगों की ओर से खर्च बढ़ाने के लिए। अगर खर्च में बढ़ोतरी का यह मंसूबा सफल रहा तो इससे चीन की इकॉनमी को बेशक मदद मिलेगी। हाल के वर्षों में आर्थिक सुस्ती की वजह से चीन में पढ़े–लिखे लोगों को भी अच्छी नौकरियां नहीं मिल रही थीं और इससे युवाओं में रोष है।

सिक्योरिटीज कंपनियों, इंश्योरेंस कंपनियों और दूसरे संस्थागत निवेशकों को फंड जुटाने में मदद मिले, इसके लिए उनकी बैलेंस शीट को मजबूत बनाया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि इस तरह की मदद और बढ़ाई जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार की निजी क्षेत्र की चीनी कंपनियों पर सख्ती के बाद निवेशकों के मन में डर बन गया था, ऐसा लगता है कि इसके जरिये उसे दूर करने की कोशिश की गई है। स्टॉक मार्केट का चीन के राहत पैकेज पर जो रेस्पॉन्स रहा है, उसे देखकर यही लग रहा है कि निवेशकों के बीच पॉजिटिव संकेत गया है।

### सूडोकू नवताल- 5360

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5359 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

अपना ब्लॉग

## भारतीय बाजार महंगा

**मोहन।** पहले चीन के मार्केट में सुस्ती और विदेशी निवेशकों के वहां से पैसा निकालने का फायदा भारत को मिला है। भारत में कोविड महामारी की मंदी के बाद बाजार में बुल रन चल रहा है और वैल्यूएशन अधिक हो गया है। यहां म्युचुअल फंड बड़े पैमाने पर कैश होल्ड कर रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि वैल्यूएशन अधिक होने की वजह से बाजार में गिरावट आनी चाहिए और तब आकर्षक लेवल पर वे इन्वेस्टमेंट कर पाएंगे। वहीं, चीन की इकॉनमी प्रॉपर्टी की वैल्यू में आई गिरावट के बाद लो कंस्यूमर कॉन्फिडेंस का सामना कर रही है। उसके साथ दूसरी बुनियादी दिक्कतें भी हैं। ऐसे में यह सवाल बना हुआ है कि क्या चीन के केंद्रीय बैंक के राहत पैकेज से ये मसले दूर हो जाएंगे? इसी वजह से पिछले हफ्ते चीन के शेयर बाजारों में 16 साल की सबसे बड़ी तेजी आई, जबकि हॉन्गकॉन्ग के मार्केट में ढाई दशक की सबसे बड़ी उछाल।






## जीशान सिद्दीकी को हर रात फोन करते हैं सलमान खान

मुंबई में 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता और सलमान खान के करीबी बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने हर किसी को झकझोर दिया था। पूरा बॉलीवुड सन्न रह गया था। बाबा सिद्दीकी और उनका परिवार, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने–माने सिलेब्स के करीब रहा है। यही वजह रही कि उनकी मौत की खबर जानने के बाद शिल्पा शेट्टी से लेकर संजय दत्त तक तुरंत अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन सलमान खान इस मुश्किल समय में पूरे वक्त बाबा सिद्दीकी की फैमिली के साथ खड़े रहे। अब बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने बताया कि सलमान उनके पापा को अपने भाई जैसा मानते थे और उनकी हत्या के बाद वो रात में सो नहीं पाते थे और उन्हें फोन करते थे। दिवंगत बाबा सिद्दीकी के बेटे ने बताया कि पिता की दुखद मौत के बाद सलमान खान उनके और उनके परिवार के साथ खड़े रहे। सलमान अस्पताल पहुंचने वाले पहले सितारों में से एक थे और अंतिम संस्कार तक मौजूद थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा हुआ कि सलमान हर रात जीशान को फोन करते हैं। जीशान सिद्दीकी ने बताया कि उनके पिता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान काफी परेशान थे। वो बाबा सिद्दीकी के साथ सगे भाई जैसे थे।

## शाहरुख खान ने सासू मां और बेटी सुहाना के साथ किया डांस

बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान दुबई में एक पार्टी में अपनी सास सविता छिब्बर के साथ डांस करते नजर आए। एक्टर अपने बेटे आर्यन खान के ब्रांड इवेंट के लिए दुबई में थे। शाहरुख को दुबई में डायवोला की एक पार्टी में देखा गया, जिसके दौरान उन्होंने अपनी सास को डांस करने के लिए इनवाइट किया। उनकी पत्नी गौरी खान इस पार्टी में नजर नहीं आईं लेकिन उनके साथ गई थीं, ऐसा कहा जा रहा है। ऑनलाइन वायरल हो रहे एक वीडियो में अपनी सास का हाथ पकड़कर साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में सविता छिब्बर शरमाती नजर आ रही हैं। शाहरुख और सविता कड़ी सुरक्षा से घिरे हुए थे। इतना ही नहीं, शाहरुख ने बेटी सुहाना खान के साथ भी डांस किया। घूंघरू टूट गए गाने पर बाप–बेटी को थिरकते हुए देखा गया। उनके साथ डांस करने के अलावा, शाहरुख ने फैन इवेंट में झूमे जो पठान पर भी डांस किया। कई वीडियो में, शाहरुख को न केवल गाने के हुकस्टेप करते हुए देखा गया बल्कि उनके पोज देने पर वहां की भीड़ चीखने पर मजबूर हो गई। शाहरुख भी गानों पर थिरकते नजर आए। बता दें कि एक लग्जरी ब्रांड है जिसके को–ओनर आर्यन खान हैं।

## मैं मायके चली जाऊंगी ट्रेलर आम्रपाली और निरहुआ की नई भोजपुरी फिल्म



दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नई फिल्म श्मैं मायके चली जाऊंगीश का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में आपको घर–घर की कहानी देखने को मिलेगी, लेकिन ये आपका दिल छू लेगी। ये फिल्म एक मैसेज भी देती है कि जिंदगी में परिवार की कितनी अहमियत होती है। बहू और ससुरालवालों की प्यार भरी चिकचिक आपको गुदगुदाएगी भी। नई भोजपुरी फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ की शादी होने वाली है, जिसके लिए दोनों बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं। आम्रपाली एक–एक सामान चुनकर लेती हैं। लेकिन ससुराल में मानो उनका पूरा सामान लूट लिया जाता है। इसके अलावा आम्रपाली दुबे का ससुराल में काम करके बुरा हाल हो जाता है। ऊपर से पेट भर खाना भी नहीं मिलता। दिनेश लाल यादव निरहुआ उनका साथ देने की पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन एक दिन उनके रिश्ते में खटास आ जाती है और आम्रपाली घर छोड़कर चली जाती हैं। क्या आम्रपाली को परिवार की और परिवार को अपनी बहू की अहमियत पता चलेगी, ये तो फिल्म देखने के बाद ही आपको पता चलेगा।

# नयनतारा ने प्लास्टिक सर्जरी के दावों पर अपनी चुप्पी तोड़ी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*नयनतारा साउथ फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस हैं। उन्होंने एक्टिंग करियर की शुरुआत डंदेंपदांांतम फिल्म से की थी। पिछले साल उन्होंने श्जवानश फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा। इसमें शाहरुख खान थे। खैर। हाल के कई साल में एक्ट्रेस के बदले लुक ने सबका ध्यान खींचा है। दावा किया जा रहा है कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। अब इस पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है।*



**आइब्रोज के कारण उनका चेहरा बदला**

नयनतारा ने हाउटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में असली गेम चेंजर का खुलासा किया, जो उन्हें हर बार अलग दिखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी आइब्रोज बनाना बहुत पसंद है और वो इसे शेप में करने के लिए काफी समय लेती हैं। उनकी आइब्रोज का खेल ही उन्हें हर बार अलग दिखने में मदद करता है। यही कारण है कि लोग सोचते हैं कि समय के साथ उनका चेहरा बदलता रहता है, ऐसा लगता है कि उन्होंने अपने चेहरे के साथ कुछ किया है।

**नयनतार का कैसे बदलता है लुक?**

नयनतारा ने कहा, श्मैं इसे परफेक्ट करने में पूरा समय लेती हूं, क्योंकि ये असली गेम चेंजर है। पिछले कई सालों में मेरी आइब्रोज अलग–अलग शेप में रही हैं। शायद इसीलिए लोग सोचते हैं कि मेरा चेहरा बदल रहा है और मैं अलग दिखती रहती हूं। शायद इसीलिए बहुत से लोग सोचते हैं कि मैं मेरे चेहरे पर



कुछ किया है।

**एक्ट्रेस ने कहा- मुझे जला दो...**

उन्होंने आगे कहा, लेकिन ये सच नहीं है। ऑन रेकॉर्ड, सच नहीं। ऐसा नहीं कि ये गलत है। लेकिन मेरे लिए ये सिर्फ डाइट है। इसलिए वजन में बहुत उतार–चढ़ाव हुआ है और मेरे गाल अंदर–बाहर हो रहे हैं। आप मुझे चुटकी काट सकते हैं, जला सकते हैं। आपको पता चल जाएगा कि यहां कोई प्लास्टिक नहीं है।श

**नयनतारा की शादी और जुड़वा बच्चे**

पर्सनल लाइफ की बात करें तो 39 साल की नयनतारा ने 9 जून 2022 को विग्नेश शिवन से शादी की थी। इनके जुड़वा बच्चे हैं। जिनका जन्म साल 2022 में सरोगेसी से हुआ।

# 12वीं फेल विक्रांत मैसी संग शनाया कपूर का डेब्यू

*विक्रांत मैसी की अगली फिल्म का ऐलान हो गया है और इसमें सुहाना खान और अनन्या पांडे की बेस्ट फ्रेंड शनाया कपूर नजर आएंगी। ये उनकी डेब्यू मूवी होगी। दोनों ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और सेट से फोटो शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है।*



12वीं फेल फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैसी ने कई फिल्में साइन की है। नवंबर महीने में उनकी द साबरमती रिलीज के लिए तैयार है और इसी बीच उनकी अगली फिल्म का भी ऐलान हो गया है, जिसका नाम आंखों की गुस्ताखियां है। इसी फिल्म से संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया, एक्टिंग डेब्यू करेंगी। विक्रांत मैसी ने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली फिल्म का ऐलान करते हुए एक फोटो शेयर की है और इसमें शनाया कपूर भी हैं। सभी ने हाथ में फिल्म का क्लिप बोर्ड पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है–आंखों की गुस्ताखियां। दोनों ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जो मुंबई, मसूरी और यूरोप में होगी। ये मूवी अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

**विक्रांत मैसी ने किया ऐलान**

विक्रांत मैसी ने सेट से फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, प्यार अंधा है... या फिर ये अंधा प्यार है? प्यार में पड़ना असाधारण है। मिनी फिल्म्स आपके लिए आंखों की गुस्ताखियां लेकर आए हैं, जो रोमांस और भूत–प्रेत के इर्द–गिर्द है। प्यार और शानदार म्यूजिक की कभी ना भूलने वाली जर्नी में हमसे जुड़।


**संतोषी सिंह हैं डायरेक्टर**

इस फिल्म का निर्माण मानसी और वरुण बागला अपने बैनर मिनी फिल्म्स के तहत कर रहे हैं, जिसके डायरेक्टर संतोषी सिंह हैं। ये एक लव स्टोरी होगी, जिसे निरंजन अयंगर और मानसी बागला ने लिखा है। म्यूजिक विशाल मिश्रा का होगा।

**विक्रांत के पास हैं कई फिल्में**

विक्रांत ने 2013 में लुटेरा फिल्म से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस साल उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें से कई रिलीज भी हो चुके हैं। इनमें ब्लैकआउट, सेक्टर 36, फिर आई हसीन दिलरुबा, द साबरमती रिपोर्ट, यार जिगरी, टीएमई और आंखों की गुस्ताखियां

# अक्सर रहता है सिर में दर्द तो हो सकते हैं साइक्लिक माइग्रेन के शिकार



**इलाज**

इसके इलाज में डॉक्टर आपके सिर दर्द को दूर करने के लिए नॉन स्टीरॉयडल एंटी इन्फ्लेमेटरी दवाई दे सकते है। इनमें एस्प्रिन और इबुप्रोफेन जैसी दवाइयां शामिल होती हैं। डॉक्टर आपको कैफीन का सेवन करने की सलाह भी दे सकते है। साइक्लिक प्रकार का सबसे प्रभावी इलाज लीथियम कार्बोनेट होता है। लीथियम साल्ट टैबलेट के रूप में उपलब्ध होती है। यह आपके सेंटल नर्वस सिस्टम को शांत करने में सहायक है।

*यह वैसे तो किसी भी व्यक्ति को हो सकता है लेकिन महिलाएं इसके रिस्क में ज्यादा रहती है। जिन लोगों के परिवार में किसी को पहले ही यह माइग्रेन हो तो उन्हें इसके होने का खतरा और अधिक रहता है। आइए जान लेते हैं इस प्रकार के माइग्रेन के बारे में।*

**लक्षण:** यह आपको हर रोज भी हो सकता है या हफ्ते में एक दिन छोड़ कर कई बार हो सकता है। बीच बीच में भी आपको हल्का फुल्का दर्द महसूस होता रहेगा। आमतौर पर आपको इसके महीने में 10 दौरे देखने को मिल सकते है। इस साइकिल के दौरान आपको दर्द 6 घंटे से लेकर 2 दिन तक देखने को मिल सकता है। औसतन एक दौरे का समय 6 घंटे तक तो रहता ही है। इसके बाद जब आप ऑफ साइकिल रहते हैं तब भी आपको हफ्ते या महीनों में थोड़ा बहुत दर्द देखने को मिलता है।

**इसका रिस्क सबसे अधिक किसे होता है?**

जब आप 20 साल से ऊपर होते हैं तब आप का इस सिर दर्द का रिस्क बढ़ने लगता है। अधिकतर केसों में यह सिर दर्द महिलाओं में देखने को मिलता है और आधे केसों में जिन्हें यह सिर दर्द होता है उनको इसकी पारिवारिक हिस्ट्री होती है।

**कारण:** आपके ब्रेन केमिकल जैसे सेरोटोनिन में बदलाव होने के कारण भी माइग्रेन देखने को मिल सकता है। माइग्रेन होने पर इस केमिकल का लेवल गिर जाता है। जब महिलाओं को पीरियड्स से पहले या बाद में एस्ट्रोजन हार्मोन में बदलाव देखने को मिलता है तो यह सिर दर्द हो सकता है।

**क्या इलाज के कोई साइड इफेक्ट भी हैं?**

लीथियम कार्बोनेट के कुछ आम साइड इफेक्ट्स भी होते हैं जो समय के साथ अपने आप ठीक हो जाते हैं। इन साइड इफेक्ट्स में चक्कर आना, मितली आना, भूख न लगना, हाथ में कंपन महसूस होना, प्यास ज्यादा लगेगी और बाथरूम बार बार जाना पड़ेगा। कुछ दवाइयों के साइड इफेक्ट्स में पेट खराब होना भी शामिल होता है और इसके अलावा अपाचन, सीने में जलन होना भी शामिल होते हैं। हालांकि कुछ समय बाद आप को अपने आप ही इन साइड इफेक्ट्स से राहत मिल जाती है।



## शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए जरूर पिएं ये दिवाली स्पेशल ड्रिंक्स

डॉ निधि धवन, एच ओ डी डायटिक्स , सरोज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ,दिल्ली के मुताबिक, ये ड्रिंक्स न केवल स्वाद में अच्छी होगी बल्कि आपकी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद रहेगी। तो आइए जान लेते हैं शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए किन दिवाली स्पैशल ड्रिंक का सेवन आप कर सकते हैं। शिकंजी एक ट्रेडीशनल ड्रिंक है जिसका सेवन हर कोई कर सकता है। इसका सेवन करने से जो मन को ताजगी महसूस होती है वह कहीं महसूस नहीं हो सकती। इसका सेवन करने से आपको तुरंत एक एनर्जी महसूस होती है। इसके अलावा आपके शरीर को इसके पीने से हाइड्रेशन भी मिलती है। इसमें नींबू, जीरा जैसे इंग्रेडिएंट्स होते हैं जो आपके पाचन को अच्छा बनाते हैं और आपका खाया पिया हुआ भी इसका सेवन करने से पच जाता है। अगर आपके घर में मेहमान भी आए हैं तो आप उन्हें भी यह ड्रिंक सर्व कर सकते हैं। आप दिवाली को और ज्यादा खास बनाने के लिए लस्सी बना सकते हैं। लस्सी में आप कुछ ट्विस्ट ऐड कर सकते हैं। जैसे इसमें आप कोई भी अपनी पसंद का फल डाल सकते हैं जैसे आम, केला या सेब। अगर आप इसे और ज्यादा हेल्दी बनाना चाहते हैं तो चुकंदर का प्रयोग कर सकते हैं। इससे लस्सी का रंग भी शरबत जैसा बन जायेगा। इसके अलावा आप कुछ मसाले जैसे गर्म मसाला, जीरा और अदरक, दही को इसमें मिलाएं।

# सिस्टिक लंग डिजीज के सामान्य लक्षण क्या है और क्या है निदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




*अगर आपको सिस्टिक लंग डिजीज है तो इसका मतलब है की आपको फेफड़ों में छोटे छोटे सिस्ट हो गए हैं। यह ऐसी थैलियां होती हैं जो फ्ल्यूड से भरी होती हैं। यह अलग अलग प्रकार की हो सकती हैं और इनको जानने के लिए आपके डॉक्टर आपकी लंग बायोप्सी कर सकते हैं। जिसमें डॉक्टर आपके फेफड़ों से टिशू के एक छोटे से हिस्से को लेंगे और उसे टेस्ट करने के लिए भेज देंगे। इनमें आपके फेफड़ों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। यह स्थिति बाकी कई स्थितियों जैसी लग सकती है लेकिन इसकी पुष्टि करने के लिए आपके डॉक्टर को डायग्नोसिस करनी होगी। इसका इलाज भी संभव है। इसके मुख्य रूप से 4 प्रकार होते हैं और यह काफी दुर्लभ स्थिति होती है। आइए जान लेते हैं इस स्थिति में आपको क्या क्या लक्षण देखने को मिलते हैं। साथ ही जानेंगे इसके कारण और इलाज के बारे में।*

**लक्षण**

इसके लक्षणों में आप को रेस्पिरेटरी सिस्टम से जुड़ी समस्याएं देखने को मिल सकती हैं जैसे इसमें आप को सांस लेने में कठिनाई महसूस होने लगती है। सांस लेते समय आप को काफी ज्यादा दर्द भी हो सकता है। इसके अलावा सांस लेने के समय छाती से सिटी की आवाज आ सकती है। बार बार न्यूमोनिया का हो जाना और सांस कम आना भी इसके लक्षणों में शामिल है।

**कारण**

इस बीमारी के अलग अलग कारण हो सकते हैं। इसके कारणों में



पल्मोनरी सेल हिस्टियो साइटोसिस, सिस्टिक फाइब्रोसिस आदि शामिल होते हैं। इन सब स्थितियों में ही आपके फेफड़ों में सैक बनने लगते हैं जो हवा या फिर फ्ल्यूड से भरे होते है। इसके हर प्रकार के कारण अलग अलग हो सकते हैं जिसके बारे में अच्छे से आपके डॉक्टर की आप को समझा पाएंगे। इसलिए लक्षण दिखते ही डॉक्टर के पास जाएं।

**इसकी पहचान कैसे की जा सकती है?**

इस स्थिति की पहचान करने के लिए अलग अलग टेस्ट उपलब्ध हैं। आप बच्चा इसके साथ पैदा होगा या नहीं यह भी पहले से ही जान सकते है। उसके लिए मां का प्री नेटल अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ता है। डॉक्टर आपके फेफड़ों से एक छोटा सा टिश्यू बाहर निकाल सकते हैं और उसका टेस्ट कर सकते हैं। आपकी छाती का एक्सरे करने के बाद भी इसकी पहचान की जा सकती है। अगर आपको थोड़े बहुत भी लक्षण देखने को मिलते हैं तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं और आगे की प्रक्रिया वह आप को समझा देंगे।

**इलाज**

इसके इलाज के तरीके अलग अलग होते हैं। हर प्रकार के हिसाब से इलाज भी अलग मिल सकता है। इसलिए आप के डॉक्टर पहले टेस्ट आदि करके इस बात का पता लगाएंगे कि आपको किस प्रकार की डिजीज है। उसके बाद ही सर्जरी या दवाइयों का रूटीन आप को सुझा सकते हैं। डॉक्टर कई बार इन्फ्लेमेशन आदि को कम करने के लिए भी दवाई दे सकते है। इसके अलावा भी इसके इलाज के कई तरीके होते हैं।

**क्या बच्चे को दुबारा कोई तकलीफ हो सकती है?**

आमतौर पर अगर इसका इलाज किया गया है और बच्चे के शरीर से सिस्ट निकल गए हैं तो बच्चे को इलाज के बाद कोई दिक्कत नहीं आती है और बच्चा आराम से सामान्य जीवन जीता है। लेकिन अगर फेफड़ों पर इस दौरान किसी तरह का प्रेशर या प्रभाव पड़ता है तो बच्चे को फेफड़ों से जुड़ी समस्या हो सकती है।

## शरीर पर बन रहे लाल चकत्ते हो सकते हैं बोवेन डिजीज की शुरुआत

बोवेन डिजीज स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा का शुरुआती रूप है। स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा स्किन कैंसर का एक प्रकार है। यह कैंसर स्किन की अपर लेयर (एपिडर्मिस) को प्रभावित करता है। इसका दूसरा नाम स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा इन सीटू है। इसमें इन सीटू का अर्थ है कि कैंसर अपर लेयर में ही बैठा है और यह अंदरूनी हिस्से में नहीं फैला है। आमतौर पर यह 60 वर्ष से अधिक के लोगों को प्रभावित करता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों को यह बीमारी अधिक होती है। इस बीमारी में व्यक्ति के शरीर पर लाल पपड़ीदार घाव हो जाता है। यह घाव दूसरी त्वचा स्थितियां जैसे एक्जिमा या सोरायसिस जैसे दिख सकते हैं। बोवेन डिजीज से पीड़ित लगभग 10 से 20 प्रतिशत लोगों में कई जगह पर घाव विकसित हो जाते हैं जिसमें सिर और गर्दन शामिल हैं। यह लाल पापड़ीदार पैच की तरह होते हैं। स्किन से जुड़ी यह बीमारी फैल सकती है। डॉक्टर जांच करने के बाद आपको सर्जरी की सलाह दे सकते हैं। सर्जरी में डॉक्टर प्रभावित हिस्से से धीरे–धीरे चक्कतों को हटाते हैं। यदि चकत्ते बड़े हैं तो सर्जरी में समय भी अधिक लगता है। इसमें डॉक्टर माइक्रोस्कोप की मदद से ऊतक की एक पतली परत को हटा देते हैं।

## जैतून के पत्तों से बनी अनोखी चाय जो कम सकती है ब्लड प्रेशर





आजकल के भागदौड़ भरे जीवन में लोग अपनी सेहत का कम ध्यान रख पाते हैं। जीवन की इस भागदौड़ के बीच भी खुद की अच्छी देखभाल करना बहुत जरूरी है। काम के साथ–साथ हेल्थ का ध्यान रखना और हेल्दी लाइफस्टाइल पर भी ध्यान देना जरूरी है। खुद की देखभाल करना एक बुनियादी जरूरत है। जाहिर है काम की थकावट के बीच सभी लोगों को चाय की चुस्की लेना पसंद है। कभी आपने सोचा है कि जो चाय आप पी रहे हैं, क्या सच में उससे आपकी थकान यस स्ट्रेस कम हो रहा है? क्या सच में वो आपकी हेल्थ के लिए अच्छी है? अगर आप अपनी थकान को मिटाना चाहते हैं और साथ में हेल्थ को बेहतर रखना चाहते हैं, तो आप बोरजेस की जैतून के पत्तों वाली खास चाय इस्तेमाल कर सकते हैं। यह भारत की पहली ऐसी चाय है, जो जैतून के पत्तों से बनी है। ठवतहमे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विशाल गुप्ता इस चाय के फायदे बता रहे हैं। जैतून के पत्तों में एक खास तरह का अर्क पाया जाता है और यही वजह है कि इन पत्तों का इस्तेमाल प्राचीन सभ्यताओं से लेकर आधुनिक विज्ञान किया जा रहा है। जैतून का तेल इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देने, सूजन को कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में सहायक है। जैतून के पत्तों के अपने स्वास्थ्य मूल्य हैं।

# टोनी डी जॉर्जी ने ठोका टेस्ट करियर का पहला शतक



**स्टब्स का अर्धशतक**

इधर टोनी बांग्लादेशी बल्लेबाजों के खिलाफ अपनी पूरी सूझ–बूझ के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे तो दूसरे छोर पर अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए फेमस स्टब्स ने धैर्य रखा था। वह दूसरे छोर से स्ट्राइक रोटेट का काम कर रहे थे। टोनी का शतक पर स्ट्राइक रेट 65 से ऊपर का था तो स्टब्स का स्ट्राइक 50 से नीचे था। दोनों ने समझदारी से पारी को आगे बढ़ाया और टीम को शुरुआती झटके से बाहर निकाला।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पहले टेस्ट मैच में शानदार जीत हासिल करने वाली साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार से शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में भी शानदार शुरुआत की है और इसका कारण हैं टीम के ओपनर टोनी डी जॉर्जी। टोनी ने चटोग्राम में खेले जा रहे इस मैच के पहले दिन वो काम किया है जिसका सपना हर क्रिकेटर देखता है। टोनी ने पहली पारी में शतक जमाया है। ये उनके टेस्ट करियर का पहला शतक है। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने इस मैच में टॉस जीतकर पहल बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, कप्तान खुद बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने टोनी के साथ मिलकर टीम को एक सधी हुई शुरुआत जरूर दी। मार्करम ने 55 गेंदों पर 33 रनों की पारी खेली जिसमें दो चौके शामिल रहे। इसके बाद टोनी ने जिम्मेदारी ली और विकेट पर अपने पैर जमा लिए। इसमें उनको साथ मिला ट्रिस्टन स्टब्स का। दोनों ने मिलकर शतकीय साझेदारी को अंजाम दिया। टोनी ने पहले आसानी से अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद वह धीरे–धीरे अपनी पारी को आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने 55वें ओवर की तीसरी गेंद पर मेहदी हसन मिराज पर चौका मार अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया।

# भारत से उस मैच में मिली हार से समझ आया कि संन्यास लेना सही

**क्रिकेट**

## मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वेड ने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर–8 में भारत के खिलाफ शिकस्त वो पल था, जब उन्हें एहसास हुआ कि ऑस्ट्रेलिया के साथ करियर समाप्त हुआ। वेड ने 13 साल ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रतिनिधित्व किया और 225 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। 36 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप के तीन संस्करण में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। 2021 में ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता और मैथ्यू वेड उस टीम के उप–कप्तान थे।

वेड के हवाले से क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने कहा, इस साल टी20 वर्ल्ड कप के सुपर–8 राउंड में



भारत के खिलाफ 24 रन की हार वो पल था, जब एहसास हुआ कि मेरा करियर समाप्त हो गया। वो भावुक पल था। मैंने इतने सालों में जो रिश्ते बनाए, इस टीम में खेलने का आनंद उठाया। इस ग्रुप और कोचिंग स्टाफ के साथ काफी ज्यादा लगाव महसूस किया। उन्होंने आगे कहा, भारत के खिलाफ हार वो पल था जब मैंने बैठकर अपने करियर पर प्रकाश डाला और पूरी चीज सोचकर थोड़ा भावुक हो गया। अच्छी बात है कि पिछले कुछ सालों में अच्छा प्रदर्शन किया और जिस तरह टीम बनी है तो मुझे फिनिशिंग का रोल मिला।

मैथ्यू वेड ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जोश इंग्लिस को सही विकल्प करार दिया है। वेड ने कहा कि उस टूर्नामेंट के बाद जोश इंग्लिस के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में आने का समय एकदम सही था। उन्होंने कहा, इंग्लिस के आने का समय सही था। आप देख सकते हैं कि उसने पिछले कुछ समय में क्या किया है। वो टीम में भूमिका निभाने को तैयार है। वेड ने कहा, ऑस्ट्रेलिया को ऐसे खिलाड़ी की जरूरत है जो टॉप से लेकर मिडिल ऑर्डर तक बल्लेबाजी कर सके और इंग्लिस को कोई भी पोजीशन रास आती है। खुश हूं कि इंग्लिस को अब मौका मिल रहा है। मैथ्यू वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट खेले, जिसमें चार शतक और पांच अर्धशतकों की मदद से 1613 रन बनाए। वहीं, उन्होंने 97 वनडे में एक शतक और 11 अर्धशतकों की मदद से 1867 रन बनाए।

# बाबर आजम के बाहर जाने के बाद रमीज राजा को क्या हो गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बाबर आजम को हाल ही में टेस्ट टीम से बाहर किया गया था। इसका कारण सेलेक्शन कमेटी ने वर्कलोड मैनेजमेंट बताया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली जाने वाली वनडे और टी20 सीरीज में बाबर का नाम है, लेकिन इसके बाद होने वाले जिम्बाब्वे दौरे के लिए उन्हे आराम दिया गया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अब टीम के मुख्य खिलाड़ियों में नहीं हैं और सेलेक्शन कमेटी उनसे आगे देखने के बारे में सोच रही है।

हालांकि, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और पीसीबी के पूर्व चेयरमैन रमीज राजा को भरोसा है कि बाबर दमदार वापसी करेंगे और दुनिया को बताएंगे कि वह वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स की तरह ही महान बल्लेबाज हैं।

- बल्लेबाज की विवियन रिचर्ड्स से कर दी तुलना
- बाबर आजम को टेस्ट टीम से किया गया बाहर

रमीज राजा ने कहा कि बाबर में अभी काफी क्रिकेट बची है और वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में दमदार वापसी करेंगे। रमीज राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, "मुझे लगता है कि बाबर के पास टेस्ट क्रिकेट में हासिल करने के लिए काफी कुछ है। वह वनडे और टी20 दोनों में अच्छा कर रहे हैं और दोनों ही फॉर्मेट में उनका औसत 50 से ज्यादा का है।


बाबर आजम में काफी प्रतिभा है। अब उनको अपने टेम्परामेंट से बताना है दुनिया को कि वो एक विवियन रिचर्ड्स हैं। जितना बड़ा मंच होता था रिचर्ड्स उतने बड़े खिलाड़ी बनकर उभरते थे। रमीज राजा बेशक बाबर की तुलना रिचर्ड्स से कर रहे हों लेकिन आंकड़ों और बैटिंग के मामले में कहीं से कहीं तक उनके बराबर खड़े नजर नहीं आते। बाबर से घर में भी रन नहीं निकल रहे थे तभी सेलेक्टर्स ने कड़ा फैसला लेते हुए उन्हें टेस्ट टीम से बाहर किया।

वनडे वर्ल्ड कप और टी20 वर्ल्ड कप में भी बाबर की नाकामी सबने देखी। इन दोनों वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ था और पाकिस्तान के लिए क्रिकेट में इससे बड़ा मौका नहीं हो सकता। वनडे वर्ल्ड कप में बाबर ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाया था लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए थे। टी20 वर्ल्ड कप में भी वह नाकाम रहे थे।

## सीरीज जीतने के बाद न्यूजीलैंड के लिए आई बुरी खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इस समय भारत दौरे पर है और इतिहास रच चुकी है। इस टीम ने पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज अपने नाम की है। बेंगलुरु और पुणे में खेले गए मैचों में कीवी टीम ने भारत को पस्त कर इतिहास रचा। सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट मुंबई में एक तारीख से शुरू हो रहा है, लेकिन इससे पहले टीम को झटका लगा है। टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन तीसरे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं। विलियमसन चोट के कारण पहला और दूसरा टेस्ट मैच भी नहीं खेले थे। दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के कोच गैरी स्टीड ने उम्मीद जताई थी कि दाएं हाथ का ये दिग्गज बल्लेबाज पूरी तरह से फिट हो जाएगा और तीसरे मैच में खेलेगा, लेकिन ये उम्मीद टूट गई है। विलियमसन को ग्रोइन में समस्या है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज में अभी एक महीने का समय है।

## न्यूज डायरी



## विराट कोहली ने इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को इंस्टाग्राम पर किया ब्लॉक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली यारों के यार हैं, लेकिन अगर वह गुस्सा हो जाएं तो कुछ भी कर देते हैं। इसका उदाहरण ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने दिया है। मैक्सवेल ने बताया है कि कोहली एक बार उनसे गुस्सा हो गए थे और उन्हें इंस्टाग्राम से ब्लॉक तक कर दिया था। मैक्सवेल ने अपनी किताब में बताया है कि पंजाब किंग्स में साल 2020 में खराब दौर के बाद उनका टीम से बाहर जाना तय था लेकिन तभी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर आए कोहली ने मैक्सवेल से कहा था कि अगर वह नीलामी में जाते हैं तो आरसीबी उनके लिए बोली लगा सकती है। मैक्सवेल ने पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा, जब मैं आरसीबी में आया तब विराट पहले शख्स थे जिन्होंने मुझे मैसेज किया था। जब मैं आईपीएल में सीजन से पहले लगने वाले ट्रेनिंग कैम्प में आया तो मैंने कोहली को इंस्टाग्राम पर खोजा, लेकिन वो मिले नहीं। मैं हैरान था। तभी मुझे किसी ने बताया कि अगर कोहली तुम्हें सर्च में नहीं मिल रहे हैं तो इसका मतलब है कि उन्होंने तुम्हें ब्लॉक कर दिया है। मैक्सवेल ने आगे बताया, इसके बाद मैं कोहली के पास गया और पूछा कि क्या तुमने मुझे इंस्टाग्राम पर ब्लॉक किया है? कोहली ने कहा हां, शायद इसलिए क्योंकि आपने टेस्ट मैच में मेरा मजाक उड़ाया था। फिर मैंने कहा ठीक है अब अनब्लॉक करो। इसके बाद हम अच्छे दोस्त बन गए।

## गुजरात टाइटंस अपने कप्तान शुभमन गिल को रिटेन करने पर मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस आगामी आईपीएल सीजन के लिए अपने कप्तान शुभमन गिल को रिटेन करने की तैयारी में है। गुजरात टाइटंस के सूत्रों ने एएनआई को यह जानकारी दी। स्टार स्पिनर राशिद खान गुजरात टाइटंस में गिल की कप्तानी में खेलने के लिए राजी हैं। बता दें कि गुरुवार तक सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन किए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करनी है। इस बीच अफवाहों का बाजार भी गर्म हो चुका है। ऐसी कई खबरें आने लगी हैं कि खिलाड़ी अपनी टीम बदलना चाहते हैं। आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी होना है, गुजरात से उम्मीद है कि वो मजबूत स्क्वाड बनाकर दोबारा आईपीएल ट्रॉफी उठाएगा। सूत्र ने कहा, शुभमन गिल आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करेंगे और राशिद खान उनके नेतृत्व में खेलेंगे। कई बड़ी टीमों की नजरें गिल पर हैं और वो उन्हें नीलामी में देखना चाहते हैं। गिल गुजरात के साथ ईमानदार रहकर मजबूत टीम बनाना चाहते हैं। बता दें कि हार्दिक पांड्या के फ्रेंचाइजी छोड़ने के बाद शुभमन गिल को उनका उत्तराधिकारी बनाया गया। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। अपने डेब्यू सीजन में खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 में आठवें स्थान पर रही। याद दिला दें कि गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 में खिताब जीता। इसके बाद 2023 आईपीएल में वह रनर्स–अप रही।

## पूर्व क्रिकेटर ने बताया गैरी कर्स्टन ने क्यों दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान में उस समय भूचाल सा मच गया था जब वनडे और टी20 टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने अचानक से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। कर्स्टन ने कोच बनने के छह महीने बाद ही अपना पद छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट टीम के कोच जेसन गिलेस्पी कोच पद संभालेंगे। कर्स्टन के पद छोड़ने पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने इसे लेकर एक बार फिर टीम मैनेजमेंट और पीसीबी की लताड़ लगाई है। बासित ने एक तरह से पीसीबी को पोल खोल दी है। कर्स्टन वही कोच हैं जिनके रहते भारत ने 28 साल बाद 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीता था। कर्स्टन से उम्मीद थी कि वह पाकिस्तान को चैंपियन बनाएंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वह दो साल के करार को बीच में ही छोड़कर चल दिए। बासित ने कहा, ये कहानी तब शुरू हुई जब मोहम्मद रिजवान को पाकिस्तान की व्हाइट बॉल टीमों का कप्तान बनाया गया। कर्स्टन दूसरे खिलाड़ी को कप्तान बनाना चाहते थे और नए खिलाड़ी की मांग कर रहे थे। दुर्भाग्यवश दोनों ही टीम में नहीं थे। वो सोच रहे थे कि उनको पूरी ताकत मिली है, लेकिन उनको नहीं पता का पाकिस्तान में पीसीबी चेयरमैन भी रातों–रात बदला जा सकता है।

पेज थ्री देहरादून
# हमारा दून
देहरादून, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024


जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी प्रेस वार्ता करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी. आर.सी. पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में सचिवालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास समेत राज्य के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मिनिस्टीरियल कर्मचारियों ने मांगों के निस्तारण को बनाया दबाव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड मिनिस्टीरियल फेडरेशन ने कर्मचारियों की मांगों के निस्तारण को दबाव बनाया। अपर मुख्य सचिव कार्मिक आनंद बर्द्धन से मुलाकात कर 25 सूत्रीय मांग पत्र पर कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने कहा कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के संशोधित कार्य एवं दायित्व का निर्धारण किया जाए। 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। मिनीस्टीरियल कार्मिकों की कॉमन सेवानियमावली तैयार की जाए।

### संयुक्त नागरिक संगठन ने जताया आभार

**संवाददाता** देहरादून। ब्रिक्स सम्मेलन की सफलताओं में भारत की सकारात्मक भूमिका पर संयुक्त नागरिक संगठन ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का आभार जताया। संगठन के महासचिव सुशील त्यागी ने कहा कि विश्वयुद्ध की ओर अग्रसर दुनिया में पारस्परिक सहयोग, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय तथा सार्वजनिक राजनीतिक प्रणाली में सुधार आदि विषयों को लेकर भारत के अभिन्न मित्र देश रूस में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन की उपलब्धियों पर हमें गर्व है।

### धड़ल्ले से काटे जा रहे आम व लीची के पेड़

**संवाददाता** ऋषिकेश। रानीपोखरी चौक पर स्थित आम के बगीचे में सात पेड़ काट दिए गए। तस्करों ने ये पेड़ रात के अंधेरे में काटे। खास बात यह है कि यह बगीचा देहरादून –ऋषिकेश मार्ग पर स्थित है और 50 से 100 मीटर की दूरी पर ही रानीपोखरी थाना भी है लेकिन पुलिस और वन विभाग के अफसर बेखबर रहे। थानों वन क्षेत्राधिकारी नत्थीलाल डोभाल ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी रात में 12 बजे तक रानीपोखरी में ही गश्त पर थे।

# देवभूमि रजतोत्सव में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश

**समीक्षा**

■ मुख्य सचिव ने राज्य स्थापना सप्ताह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

■ राज्य स्थापना दिवस का आयोजन लगभग 6 नवम्बर से आरम्भ होकर सप्ताह भर तक किये जाने का प्रस्ताव

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में राज्य स्थापना सप्ताह के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का राज्य स्तर तथा जनपद स्तर पर भव्य आयोजन किया जाना हैं।



मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि कहा कि इस वर्ष उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना के 24 वर्ष पूरे हो जाएंगे तथा 25वीं रजत जयन्ती की शुरूआत हो जाएगी, इसलिए प्रदेशवासियों के लिए इसका विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप उत्तराखंड के जनमानस, अन्य प्रदेशों व विदेश में रहने वाले प्रवासियों तथा उत्तराखंड के विकास में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भागीदार बनने वाले सभी लोगो को देवभूमि रजतोस्तव में भागीदार बनाया जाए।

इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस 9 नवम्बर 2024 से अगले वर्ष 9 नवम्बर 2025 तक पूरे वर्ष मनाये जाने वाले "देवभूमि रजतोत्सव" की शुरूआत भी हो जाएगी। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस का आयोजन लगभग 6 नवम्बर से आरम्भ होकर सप्ताह भर तक किये जाने का प्रस्ताव है, जिसकी शुरूआत नई दिल्ली में उत्तराखण्ड सदन के शुभारम्भ, दिल्ली में रहने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत उत्तराखण्ड मूल के अधिकारियों, कार्मिकों व प्रवासियों की भागीदारी से आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है।


इसके अगले क्रम में प्रवासी उत्तराखण्ड सम्मेलन के आयोजन, भव्य खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिला सशक्तीकरण की थीम पर विशेष उत्सव का आयोजन, जरूरतमंदों के लिए बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन, मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का अयोजन, दिव्यांगों के लिए विशेष कार्यक्रम, विभिन्न सम्मान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रमों का आयोजन, राज्य आन्दोलनकारियों व शहीदों की गौरव गाथा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने 24 वर्षों में राज्य की उपलब्धियों एवं विकास की सम्भावनाओं पर स्कूल व कॉलेज स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साल भर आयोजित होने वाले देवभूमि रजतोत्सव प्रदेश के सभी वर्गों, विशेषरूप से महिलाओं, स्कूली बच्चों व युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में सचिव विनय शंकर पांडे, दीपेंद्र कुमार चौधरी सहित सभी जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

### राज्य स्थापना दिवस पर विशेष तैयारियों के निर्देश

मुख्य सचिव ने मण्डल स्तर तथा जिला स्तर पर भी राज्य स्थापना दिवस को भव्यता से आयोजित किए जाने हेतु विशेष तैयारियों के निर्देश दिए हैं।



# महिलाओं के हितों के लिए तैयार की जा रही महिला नीति

**बैठक**

■ मंत्री रेखा आर्या ने "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति 2024" को लेकर की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति 2024" को लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर समीक्षा की।



बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा "उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति 2024" के तैयार प्रारुप का अन्तिम प्रस्तुतिकरण विभागीय मंत्री के समक्ष पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। यह प्रारुप महिला एवं सशक्तिकरण विभाग, राज्य महिला आयोग एवं नियोजन विभाग द्वारा आपसी समन्वय से तैयार किया जा रहा है। यह प्रारुप आगामी कैबिनेट में प्रस्तुत किया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि राज्य उत्तराखण्ड के पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं के हितों को और सुरक्षित करने के उद्देश्य से राज्य उत्तराखण्ड महिला नीति 2024 तैयार की जा रही है जो आगामी 09 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को समर्पित कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य महिला नीति के निर्माण का ध्येय यही है कि राज्य उत्तराखण्ड के विकास में महिलाओं और पुरुषों की समान सहभागिता सुनिश्चित हो। महिलाओं की सहभागिता सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि हर क्षेत्र में पुरुषों के समान रहे।

इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, चन्द्रेश कुमार यादव, निदेशकध्अपर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, प्रशान्त आर्य, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, कुसुम कण्डवाल, निदेशक नियोजन, मनोज पंत तथा अन्य विभागीय अधिकारी व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रिश्वतखोरी मामले में विजिलेंस कर रही सराहनीय कार्य

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश में जिस तरह से विधायकों एवं मंत्रियों द्वारा सैकड़ो/हजारों करोड़ के आर्थिक साम्राज्य खड़े किए जा रहे हैं, एक तरह से व्यवसायियों, बिल्डरों, माफियाओं से लूटी गई रकम है। ये लोग अपना काम कराने के एवज में इन नेताओ भारी भरकम रकम व अन्य आर्थिक तरीके से खुश करते हैं तथा उस अवैध तरीके से कमाई गई हराम की दौलत उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में अपने करीबी एवं गुर्गों के नाम पर निवेश करते हैं। नेगी ने कहा कि जिस तरह से विजिलेंस छोटे–मोटे कर्मचारियों पर शिकंजा कस रही है तथा उन्हें अपनी गिरफ्त में ले रही है, उसकी सराहना की जानी चाहिए लेकिन बड़े–बड़े मगरमच्छों पर भी उसी प्रकार हाथ डाला जाना चाहिए। इस कार्य योजना हेतु विजिलेंस को और अधिक अधिकार संपन्न बनाने की जरूरत है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।